C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com




सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:48 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:29 बजे


सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ





हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 275 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 1 मई 2025



आयकर आयुक्त बनकर फिर दमके...पेज-3 पर


## News कॉर्नर

### चार दिन से टूटी है पेयजल लाइन, पेयजल को आफत

**नैनीताल ।** वर्तमान में जहां एक तरफ हर रोज बढ़ रही गर्मी से लोगों को दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर पानी की इस तरह से बर्बादी हो रही है। बात हो रही है नैनीताल जिले के ज्योलीकोट क्षेत्र की। ज्योलीकोट के निरीक्षण भवन में पेयजल टैंक से सप्लाई पाइप पिछले चार दिन से टूटा पड़ा हुआ है और उस पाईप से दिन रात पानी बर्बाद हो रहा है। संबंधित विभाग जल संस्थान के जिम्मेदार अधिकारियों के मोबाईल ही नहीं मिल रहे है। पानी की बरबादी के साथ कई परिवारों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। ज्योलीकोट क्षेत्र के वाशिंदों का कहना है कि इस तरह अगर पानी की बर्बादी होते रही तो जरुरतमंद लोगों के पास कैसे पानी पहुंच सकेगा।

### अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नैनीताल ।** बीते दिनों पर्यटक की ओर से मल्लीताल यातायात ड्यूटी में तैनात कांस्टेबल पर अभद्रता का आरोप लगाने का वीडियो वायरल होने पर एसएसपी ने कांस्टेबल को लाइन हाजिर किया था। अब कांस्टेबल की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार बीते दिनों एक पर्यटक की ओर से सोशल मीडिया में एक वीडियो अपलोड कर मल्लीताल मस्जिद तिराहे पर ड्यूटी कर रहे कांस्टेबल पर अभद्रता का आरोप लगाया था। वीडियो वायरल होने पर एसएसपी की ओर से संज्ञान लेते हुए कांस्टेबल के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लाइन हाजिर कर दिया वहीं कांस्टेबल अरविंद कुमार ने भी पर्यटक पर वन वे में वाहन ले जाने और यातायात बाधित करने का आरोप लगाया था। साथ ही पर्यटक पर अभद्रता करने और वर्दी उतरवाने की धमकी देने के भी आरोप लगाए थे। पर्यटक की ओर से उसकी वीडियो सोशल मीडिया में डालकर मानसिक रूप से परेशान करने व उसकी छवि धूमिल करने के भी आरोप लगाए थे।

# वेव्स सिर्फ संक्षिप्त शब्द नहीं, ये संस्कृति-रचनात्मकता व यूनिवर्सल कनेक्ट की लहर: पीएम

नई दिल्ली

एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को मुंबई में विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन यानी वेव्स का उद्घाटन किया। उन्होंने समिट में जुटे एक हजार से अधिक क्रिएटर्स का उत्साह बढ़ाया। वेव्स 2025 चार दिवसीय कार्यक्रम मीडिया और मनोरंजन जगत को साथ ला रहा है। वेव्स 2025 की टैगलाइन है- 'कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज'। इसमें 90 से अधिक देशों की भागीदारी है,




जिसमें 10,000 से अधिक प्रतिनिधि, 1,000 क्रिएटर्स, 300 से अधिक कंपनियां और 350 से अधिक स्टार्टअप शामिल हो रहे हैं।

पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां मुंबई में 100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक साथ एक ही छत के नीचे एकत्र हुए हैं। एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र की नींव रखी जा रही है। वेव्स सिर्फ एक संक्षिप्त शब्द नहीं है। ये एक लहर है- संस्कृति की, रचनात्मकता की, यूनिवर्सल कनेक्ट की। उन्होंने कहा, वेव्स एक ऐसा वैश्विक मंच है, जो आप जैसे हर कलाकार, हर क्रिएटर का है। जहां हर कलाकार, हर युवा एक नए विचार के साथ रचनात्मक दुनिया के साथ जुड़ेगा। आज 1 मई है।

आज से 112 साल पहले 3 मई, 1913 को भारत में पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र रिलीज हुई थी, इसके निर्माता दादासाहेब फाल्के जी थे और कल ही उनकी जन्मजयंती थी। बीती एक सदी में भारतीय सिनेमा ने भारत को दुनिया के कोने-कोने में ले जाने में सफलता पाई है।

# दुष्कर्म मामले में सड़कों पर उतरे लोग, निकाला जुलूस



नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर में 12 वर्षीय मासूम बालिका के साथ हुए जघन्य अपराध के विरोध में देर रात्रि नगर के विभिन्न संगठनों के लोगों ने कोतवाली का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। देर रात से नगर में तनावपूर्ण माहौल बना था। जिसके चलते लोगो द्वारा दुकानों में तोड़ फोड़ किया गया। जिससे शहर में संवेदनशील स्थिति बन गई। प्रशासन ने सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। मामले की जांच जारी है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है।

वहीं गुरुवार को हिंदूवादी संगठन ने मल्लीताल से विशाल जन आक्रोश रैली निकाली जिसमें हजारों की तादाद में लोग शामिल रहें। इसी बीच चप्पे चप्पे पर पुलिस प्रशासन द्वारा अतिरिक्त पुलिस बल मौजूद रही। पुलिस प्रशासन ने संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात की गई है। प्रशासन किसी भी तरह की हिंसा या अफवाह को रोकने के लिए तत्पर है। शोशल मिडिया पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। घटना के विरोध में कई स्थानीय सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने एकजुट होकर दोषियों को फांसी देने की माँग कर रहें है।

हाल ही में एक 13 वर्ष की मासूम बालिका के साथ दो बार दुष्कर्म किया गया यह न केवल मानवार को झकझोर कर देने वाला मामला है। जिसको लेकर कमिश्नरी का घेराव कर कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को ज्ञापन दिया। यह घटना न केवल स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर चूक है बल्कि क्षेत्र में बाहरी प्रभावों के बढ़ते खतरे की भी ओर संकेत करती है। प्रशासन की गंभीर लापरवाही को भी उजागर करती है। इसके साथ ही कई ऐसे गंभीर मामले सामने आए है। बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले अपराधी के विरुद्ध न केवल कठोरतम दंड की कार्यवाही की जाए, अपितु उसकी संपत्ति को भी तत्काल प्रभाव से जब्त कर लिया जाए। इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार स्थानीय पुलिस अधिकारियों की निष्पक्ष जांच कर उनके विरुद्ध भी आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई की जाए। घिनौने कृत्य से जुड़े सभी व्यक्तियों एवं उनके समूहों की भूमिका को गहनता से जांच की जाए। मकान मालिकों अथवा संपत्ति स्वामियों ने बिना सत्यापन के बाहरी व्यक्तियों को किराए पर स्थान उपलब्ध कराया है, उनके विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। स्थानीय युवाओं के रोजगार के अवसर सुरक्षित रखने के लिए दुकानों, वेंडिंग जोन और अन्य व्यावसायिक स्थलों पर उन्हें प्राथमिकता दी जाए।



कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने कहा की घटना का संज्ञान ले लिया है आरोपी को गिरफ्तार कर दिया है। लोगों से शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है।

### शहर के मुख्य स्थल पर पुलिस तैनात

संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने कहा सुरक्षा को लेकर शहर के मुख्य स्थल पर पुलिस तैनात की गई इसके अलावा आरोपी के घर पर भी पुलिस तौनात की गई है। मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है, मामला संवेदनशील बना हुआ है यदि किसी अराजक तत्वों द्वारा मौहल बनाने की कोशिश की गई तो उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।



### पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए

पिछले कुछ समय से तमाम कारणों से गुस्साए लोगों में पहलगाम की आतंकी घटना के बाद जबर्दस्त गुस्सा भरा हुआ था। इसलिए भीड़ ने उपद्रव के दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद के भी नारे लगाए। बच्ची से दुष्कर्म की घटना की जानकारी पुलिस को देर शाम हुई। पुलिस करीब साढ़े आठ बजे बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए ले गई तो लोगों को इसकी भनक लगी। धीरे-धीरे भीड़ कोतवाली पहुंचने लगी। नौ बजे तक बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। दूसरे समुदाय की दुकानों में तोड़फोड़ की गई। दुकानदारों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। पथराव भी हुआ। पुलिस ने लाठीचार्ज किया है। सामान्य तौर पर शांत रहने वाले नैनीताल शहर में बुधवार को अचानक सांप्रदायिक तनाव हो गया। रात करीब साढ़े नौ बजे से साढ़े 12 बजे तक सड़कों पर तांडव होता रहा। उस्मान नाम के बुजुर्ग ठेकेदार पर एक बालिका से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया तो सूचना शहर में आग की तरह फैल गई। लोगों की भीड़ मल्लीताल की सड़कों पर इकट्ठी हो गई। इसके बाद हिंदू संगठनों ने मुस्लिम समाज के लोगों की दुकानों में तोड़फोड़ शुरू कर दी।

# आठ साल की बच्ची को झोपड़ी से उठाकर मक्के के खेत में फेंका

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर के नीलांचल कॉलोनी में एक सनसनीखेज घटना में आठ वर्षीय बच्ची को देर रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा झोपड़ी से उठाकर मक्के के खेत में फेंक दिया गया। गनीमत रही कि बच्ची किसी तरह भागकर सुरक्षित वापस घर लौट आई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लविश्का, पुत्री संजीव कुमार निवासी फार्म न. 3, नीलांचल कॉलोनी, हल्द्वानी, रात करीब 2:45 से 3:15 बजे के बीच सो रही थी। उसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति झोपड़ी का गेट खोलकर अंदर घुसा और बच्ची को खाट से उठाकर पास के मक्के के खेत में ले जाकर फेंक दिया। कुछ देर बाद बच्ची होश में आकर खेत से भागकर घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। घबराए परिजनों ने तत्काल आसपास के खेतों और सड़क पर संदिग्ध व्यक्ति की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने इस घटना की सूचना कोतवाली हल्द्वानी को दी है। तहरीर में बच्ची के पिता संजीव कुमार ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है। बच्ची का बयान लिया गया है और अज्ञात आरोपी की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# तेज रफ्तार कार ने सड़क पार करते युवती को रौंदा, मौत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

**हादसा**

- आरोपी कार चालक के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की मांग

दिल्ली से आ रही एक बस से हल्द्वानी के पास उतरी 24 वर्षीय युवती गंगा की एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब वह सड़क किनारे स्थित ढाबे से बस में लौट रही थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका गंगा, निवासी साहिबाबाद (गाजियाबाद), 29 अप्रैल को अल्मोड़ा जाने के लिए दिल्ली से बस संख्या यूके07पीए-6165 में सवार हुई थी। हल्द्वानी के पास ट्रांसपोर्ट नगर से आगे जयसवाल ढाबा पर ड्राइवर द्वारा खाना खाने के लिए बस रोकी गई। इसी दौरान गंगा ढाबे पर गई और लौटते वक्त सड़क पार कर रही थी, तभी यूके06टीए-8192 नंबर की एक तेज़ रफ्तार हुंडई ऑरा कार, जिसकी रफ्तार प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 130-135 किमी/घंटा थी, ने उसे जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे के तुरंत बाद गंगा को इलाज के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के मामा मोहन सिंह पुत्र अमर सिंह, निवासी साहिबाबाद गाजियाबाद ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर सौंपते हुए आरोपी कार चालक के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है और वाहन की पहचान के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### किशोर बिना लाइसेंस बाइक चला रहे तीन वाहन सीज

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में नाबालिगों को बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा, रजिस्ट्रेशन और हेलमेट के खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए पकड़ा। सभी मामलों में वाहन सीज कर लिए गए हैं और संबंधित वाहन स्वामियों व अभिभावकों पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 199। समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पहले मामले में 14 वर्षीय आयान पुत्र नाजिम निवासी बनभूलपुरा, बाइक यूके 04 जे 3884 चला रहा था, जो उसके चाचा मौ. नदीम के नाम पंजीकृत है। आयान के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं था। मौ. नदीम पर नाबालिग को वाहन सौंपने का आरोप है। दूसरे मामले में 16 वर्षीय मोहम्मद मुनीर पुत्र अजीम, स्कूटी यूके 04 जी 7575 बिना रजिस्ट्रेशन, बीमा व दस्तावेजों के चला रहा था। वाहन को उवैस सिद्दीकी नामक व्यक्ति ने खरीदा था, जो जानते हुए भी मुनीर को वाहन चलाने दे रहा था। पुलिस ने वाहन सीज कर मुनीर को सुपुर्द कर दिया और उवैस सिद्दीकी पर मुकदमा दर्ज किया। तीसरे मामले में कुसुमखेड़ा चौराहे पर 14 वर्षीय अभय सागर तीन सवारी बैठाकर स्कूटी चला रहा था। न तो उसके पास लाइसेंस था, न ही कोई कागजात। वाहन यूके 04 एबी 2440 के पंजीकृत स्वामी सूरज पुत्र कालू राम व अभय के पिता राजकुमार पर भी धारा 199। के तहत अभियोग दर्ज किया गया।

# शत प्रतिशत रहा आईएससी (12वीं) का परीक्षाफल

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में कक्षा 12वीं आईएससी बोर्ड परीक्षाफ ल शत प्रतिशत रहा। सेंट जोजफ कालेज के स्वर्णिम पाठक तथा आल सेंट्स कालेज की इशिता वार्ष्णेय व रवमहर के साथ ही सेंट मैरी की प्रसिद्धि व श्रुति व शेरवुड कालेज की प्रज्ञा भसीन ने अपने विद्यालय में टाप स्थान प्राप्त किया।

बता दें कि नगर में आईएससी बोर्ड के चार विद्यालय हैं। सेंट जोजफ कालेज में कला वर्ग में स्वर्णिम पाठक 98.75 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, कृषिव ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा व शिवांश साह गंगोला ने 97.75 के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी विद्यालय के अभिनव पंत ने 97 प्रतिशत अंक के साथ विज्ञान वर्ग में विद्यालय में पहला तथा निखिल मनराल 94.5 फीसदी अंक लेकर दूसरा व मयंक बिष्ट व दिव्यांश भंडारी ने 94.25 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया।

आल सेंट्स कालेज कालेज की छात्रा इशिता वार्ष्णेय व रवमहर ने 98.25 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया जबकि संस्कृति पांडे ने 98 प्रतिशत दूसरे व मौली श्रीधर ने 96.8 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में तीसरे स्थान पर रही। 20 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। 51 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई थी। सेंट मैरी कालेज की प्रसिद्धि पांडे व श्रुति आर्यन 97 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम, फ ातिमा 97.75 दूसरे व यशस्वी मिश्रा 96 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। शेरवुड कालेज के प्रज्ञा भसीन ने 95.5 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम, विहान ग्रोवर 94.25 द्वितीय व सारा कौल ग्रोवर 93.75 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। 81 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। सेंट जोजफ कालेज के प्रधानाचार्य ब्रदर जेरोम, आल सेंट्स कालेज की पूर्व प्रधानाचार्य किरन जरमाया व कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंजना रिचर्डस, सेंट मैरी कालेज की प्रधानाचार्य मंजूषा व शेरवुड कालेज के प्रधानाचार्य अमनदीप संधु ने उत्तीर्ण छात्रों के उज्वल भविष्य के प्रति शुभकामना व्यक्त की है।



## NEWS / फटाफट

### एडीबी सहायतित हल्द्वानी परियोजना का स्थलीय निरीक्षण



**हल्द्वानी।** जनपद भ्रमण पर पंहुचे सचिव पंचायतीराज एवं बाल विकास एवं कार्यक्रम निदेशक यूयूएसडीए व जिले के प्रभारी सचिव चंद्रेश यादव द्वारा एडीबी सहायतित हल्द्वानी परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा कार्यों को तेजी से सम्पादित करने हेतु अधिकारीयों को निर्देशित किया गया है। सचिव ने हल्द्वानी नगर निगम के वार्ड 48 में गतिमान पेयजल, सीवरेज आदि कार्यों एवं रोड़ पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण में रक्सिया नाले के आउटफाल निर्माण का निरीक्षण कर शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए इसके अतिरिक्त सचिव ने परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे अन्य कार्यों की समीक्षा की। बैठक में परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह द्वारा परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। इस दौरान नगर आयुक्त ऋचा सिंह, उपजिलाधिकारी राहुल शाह व अधिकारी मौजूद रहे ।

### संयुक्त निदेशक नागरिक उड्यन भारत सरकार ने पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण की जानकारी ली

रुद्रपुर। संयुक्त निदेशक नागरिक उड्यन भारत सरकार अम्बर सिंह दूबे ने जिला कार्यालय सभागार में पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण की जानकारियां ली जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बैठक में बताया कि पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण हेतु 525 एकड़ भूमि एयरपोर्ट को हस्तगत कर दी गई है। उन्होने कहा कि एयरपोर्ट निदेशक द्वारा अवगत कराया गया है कि एयरपोर्ट चाहरदीवारी का टेण्डर हो चुका है, जिसका कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जायेगा। साथ ही उन्होने बताया कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण हेतु ग्राउण्ड सर्वे व पर्यावरणीय सर्वे कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की जद में आ रहे एनएचएआई मार्ग को डायवर्ट किया जाना है जिस हेतु एनएचएआई को 103 एकड़ भूमि भी हस्तगत कर दी गई है। सड़क सर्वे कार्य किया जा रहा है साथ ही उन्होने बताया कि विस्तारीकरण के जद में आ रहे बायोटेक भवन, गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भवन, टीडीसी, आदि के ध्वस्तिकरण के टेण्डर हो चुके है जो शीघ्र ध्वस्त कर दिये जायेगें। बैठक में एडीएम अशोक कुमार जोशी, एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा, मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पाण्डे, निदेशक पंतनगर एयरपोर्ट मोनिका डेम्बला एवं पीडी एनएचएआई विकास मित्तल मौजूद थे।

### अक्षय तृतीया पर यज्ञोपवीत संस्कार

**नैनीताल ।** जिले के नौकुचियाताल में बुधवार को अक्षय तृतीया के विशेष मौके पर कई यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान वहां पर सुबह से लेकर शाम तक लोगों की काफी भीड़ लगी रही। इसी क्रम में गेठिया से बटुक कृष्णा जोशी पुत्र आचार्य पंडित प्रकाश जोशी का यज्ञोपवीत संस्कार आचार्य पंडित राकेश भट्ट द्वारा विधि पूर्वक कुमाऊंनी रीति रिवाज से कराया गया। यज्ञोपवीत संस्कार में बटुक की माता दुर्गा जोशी समेत बहिनें नैना जोशी, हिमांशी जोशी, भावना जोशी तथा बटुक के मामा नवीन पाण्डेय व मामी रेखा पाण्डेय तथा अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सेवनिवृत्ति के अवसर पर दी विदाई

**नैनीताल ।** जिले के भीमताल ब्लाक के जीआईसी भूमियाधार में कार्यालय कर्मी दीपक कुमार को उनकी सेवनिवृत्ति के अवसर पर बुधवार को विदाई दी गयी। इस अवसर पर उनके 37 वर्ष की निर्विघ्न सेवा की प्रशंसा करते हुए उनके भविष्य की उज्वल कामना की गयी। प्रभारी प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र कांडपाल, त्रिभुवन आर्य, प्रकाश चंद्र आर्य, प्रयाग दत्त सोराड़ी, हीरा लाल आगरी, विजय सिंह अधिकारी, हरीश पंचवाल, आनंद सिंह बिष्ट, देवेंद्र देवराड़ी, निहारिका आर्य, पूजा बिष्ट, प्रियंका पांडे तथा कार्यालय कर्मी जीतेंद्र पाठक ने भी विदाई समारोह को सफ ल बनाने में अपना योगदान दिया।



# नियमितीकरण को 299वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम का के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर चलाया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन बुधवार को 299वें दिन भी जारी रहा।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आइए- पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ा। बुधवार को कुमाऊं मंडल विकास निगम की आदि कैलाश यात्रा की तैयारी को लेकर जा रहे दल को दिनेश गुरुरानी द्वारा भोजपत्र का पौधा दिया गया जिसे वह गूंजी में रोपित करेंगे । दिनेश गुरुरानी द्वारा उच्च हिमालई क्षेत्र में विगत वर्षो से कालापानी, नाभिढांग, गूंजी तथा जोलिंगकौग में यात्रियों के माध्यम से पौधारोपण किया जा रहा है। जो इस वर्ष की यात्रा में भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में पर्यटन विकास अधिकारी ललित तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक भगवती लोहनी, प्रोजेक्ट सेल ऑफि सर अनिल तड़ागी सहित पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रात्रि चौपाल में जनसमस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सचिव पंचायतीराज, बाल विकास व नैनीताल जिले के प्रभारी सचिव चंद्रेश यादव ने मंगलवार देर रात्रि ग्राम पंचायत गेठिया विकास खण्ड भीमताल में रात्रि चौपाल लगाकर जनता की समस्या सुन कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रुप से गाँव में जंगली जानवरों द्वारा फसल को नुकसान से बचाने, पेयजल की समुचित व्यवस्था, मार्गो का निर्माण करने, कूड़ा निस्तारण हेतु एक अतिरिक्त कूड़ा वाहन उपलब्ध कराए जाने, वन पंचायत की भूमि का सीमांकन कराए जाने,स्ट्रीट लाईट लगाए जाने, बलिया नाले से हो रहे भूकटाव की रोकथाम किए जाने, स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक की तैनाती करने सहित विभिन्न सड़कों का निर्माण करने सहित क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर सचिव ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द ही ग्रामीणों की समस्याओं को हल करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों को बेहतर आय अर्जित करने के लिए उन्होंने राज्य सरकार के माध्यम से पर्यटन विभाग द्वारा चलाई जा रही होम स्टे योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की बात कही, जिससे पलायन कम और स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिल सके। इस दौरान ब्लाक प्रमुख हरीश बिष्ट, अपर जिलाधिकारी विवेक राय, एपीडी चंद्रा फर्त्याल समेत विभागीय अधिकारी और जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# आईसीएसई (10वीं) में आल सेंट्स की श्रृष्टि ने किया नगर टॉप

## सेंट मैरी की चेतन्या, शेरवुड के निर्मल राज सिंह व सेंट जोजफ के अजितेश चंद्र गुप्ता ने अपने अपने विद्यालय में टाप किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में आईसीएसई बोर्ड (10वीं) परीक्षा में आल सेंट्स की श्रृष्टि ने 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ नगर में टाप किया। सेंट मैरी की चेतन्या, शेरवुड के निर्मल राज सिंह व सेंट जोजफ के अजितेश चंद्र गुप्ता ने अपने अपने विद्यालय में टाप स्थान प्राप्त किया।

आल सेंट्स कालेज की श्रृष्टि सिंह के बाद कनक गुप्ता ने 97.2 प्रतिशत के साथ विद्यालय में दूसरा व कनिका जोशी ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। 20 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। सेंट मैरी कालेज में चेन्या साह ने 96.8 प्रतिशत के साथ विद्यालय में पहला स्थान बनाया जबकि भव्या साह 95.80 दूसरे तथा अक्षा तिवारी व गणिका अग्रवाल ने 95.60 प्रतिशत के साथ विद्यालय में सामूहिक रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। शेरवुड कालेज के निर्मलराज सिंह 96.6 प्रतिशत ने विद्यालय में पहला आयुष गर्ग 96. 4 द्वितीय व ईशान अग्रवाल 96 प्रतिशत के साथ विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। सेंट जोजफ कालेज अजितेश चंद्र गुप्ता ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। रणवीर सिंह मेहरा ने 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया।





### नेहा बिनवाल ने पीएचडी की अंतिम मौखिक परीक्षा दी

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग में बुधवार को नेहा बिनवाल ने अपनी पीएचडी की अंतिम मौखिक परीक्षा दी । बता दें कि ऑनलाइन माध्यम से संपन्न मौखिक परीक्षा में डॉ ए के एस रावत (प्रख्यात वरिष्ठ वैज्ञानिक एन बी आर आई लखनऊ)ने बतौर एक्सपर्ट ने परीक्षा संपन्न की । नेहा बिनवाल ने स्टडीज ऑफ फंजीसिडल एंड इनसेक्टिसिडा एक्टिविटी ऑफ सिलेक्टेड ब्रायोफाइट्स इन कुमाऊं हिमालय विषय पर शोध कार्य किया। नेहा बिनवाल ने अपनी पी एच डी महिला कॉलेज हल्द्वानी के डॉ प्राची जोशी तथा प्रो. शिव दत्त तिवारी के निर्देशन में पूर्ण की । विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने मौखिक परीक्षा संपन्न कराई। इस अवसर पर पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. नीरजा पांडे तथा प्रो. किरण बरगली, प्रो. सुषमा टमटा, प्रो. नीलू लोधियाल, डॉ कपिल, डॉ प्रभा ,डॉ नवीन, डॉ हेम जोशी तथा डॉ हर्ष चौहान तथा डॉ सपना पंत तथा नेहा कोहली तथा वसुंधरा व लता .विशाल व आनंद, गौरव आदि छात्र उपस्थित रहे।

# अभिमत



## अनसुलझी पहेली

*कुछ लोगों ने सरकार की नीति पर सवाल उठाते हुए शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्राइवेट स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए सीटें आरक्षित करने को सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या कम होने की वजह माना है। सरकारी स्कूलों में विभिन्न दिवसों पर कार्यक्रम के कारण पढ़ाई बाधित होने का अभिभावकों ने विरोध किया। विडम्बना यह है कि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ते हैं, तो कौन सरकारी स्कूल में पढ़ाएगा?*

उत्तराखंड के सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार के प्रयास असफल रहे हैं। सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या में गिरावट की जांच कर रही समिति के समक्ष अभिभावक, शिक्षाविद तथा समाजसेवियों ने खुलकर विचार प्रकट किये हैं। कुछ लोगों ने

सरकार की नीति पर सवाल उठाते हुए शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्राइवेट स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए सीटें आरक्षित करने को सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या कम होने की वजह माना है। सरकारी स्कूलों में विभिन्न दिवसों पर कार्यक्रम के कारण पढ़ाई बाधित होने का अभिभावकों ने विरोध किया। विडम्बना यह है कि सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ते हैं, तो कौन सरकारी स्कूल में पढ़ाएगा? सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को खुद अपने पर भरोसा नहीं है। दरअसल शिक्षक भी अपने बच्चों के अभिभावक हैं और उन्हें अपने बच्चे के भविष्य के बारे में निर्णय लेने का अधिकार है। किसी अभिभावक को उसके बच्चे को सरकारी स्कूल में पढ़ाने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। सरकार की नीति पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए यह भी कहा गया है कि सरकारी स्कूलों के आसपास प्राइवेट स्कूल को मानकों की अनदेखी करते हुए मान्यता दी गई है। हालांकि यह अधिक गंभीर विषय नहीं है। राज्य में भाजपा की सरकार ने सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार के लिए बहुत से स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय घोषित कर प्राइवेट स्कूलों की तरह संचालित करने का निर्णय लिया। बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट आने पर उत्कृष्ट विद्यालयों में सुधार नगण्य रहा। कम संख्या वाले स्कूलों का विलय कर एक विद्यालय में विद्यार्थियों और शिक्षकों की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया गया। इस साल नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है। जांच समिति के सुझाव पर अमल कब होगा, पता नहीं। उत्तराखंड राज्य का गठन होने से पहले पर्वतीय क्षेत्र में सरकारी स्कूलों की स्थिति जैसी थी, वैसी अब भी है। राज्य गठन के 25 वर्ष होने वाले हैं, निम्न और मध्यम वर्ग की स्थिति में सुधार नहीं हुआ है। शिक्षा तथा चिकित्सा की स्थिति पर्वतीय क्षेत्र में और अधिक खराब हो गई है। पर्वतीय क्षेत्र से पलायन के अनेक कारणों में से शिक्षा की उचित व्यवस्था नहीं होना है। पर्वतीय क्षेत्र के आर्थिक तौर पर संपन्न अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ने के लिए देहरादून और हल्द्वानी महानगर में भेजने को मजबूर हैं।

# चेन स्नेचिंग मामले में ज्वैलर समेत तीन दबोचे

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



महिलाओं को निशाना बनाकर की गई दो चेन स्नेचिंग की घटनाओं का पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। घटनाओं में शामिल दो शातिर अपराधियों और एक ज्वैलर को गिरफ्तार कर लिया गया है। वरिष्ठ प्रजाति शक प्रहलाद मीणा ने खुलासा करते हुए बताया कि दोनों सोने के पेंडेंट और पल्सर बाइक के साथ अपराधियों के पूरे नेटवर्क की खोल दी उन्होंने कहा 18 और 20 अप्रैल को टीपी नगर चौकी और मंडी चौकी क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर महिलाओं से गले के पेंडेंट झपट कर बदमाश फरार हो गए थे। दोनों ही घटनाओं की तहरीर कोतवाली में दर्ज की गई। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने इन वारदातों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस टीमों का गठन किया और त्वरित अनावरण के निर्देश दिए। गठित टीमों ने हल्द्वानी, रुद्रपुर, लालकुआं, पंतनगर और रामपुर क्षेत्र में करीब 100 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।साथ ही, लूट की घटनाओं में संलिप्त पुराने अपराधियों से पूछताछ और मुखबिरों की मदद से पुलिस ने टांडा बैरियर से दो मुख्य आरोपियों फिरोज गांधी और मुन्ना उर्फ चुना को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे सुनसान और कम भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अकेली महिलाओं को निशाना बनाकर लूट करते हैं और रामपुर में एक ज्वैलर को आभूषण बेच देते हैं। आरोपियों की निशानदेही पर रामपुर स्थित केआर ज्वैलर्स के संचालक उमेश रस्तोगी को भी गिरफ्तार कर लिया गया, जिसने लूटे गए आभूषण खरीदकर अपराध में सीधा सहयोग किया था। बरामदगी में लूटे गए दोनों सोने के पेंडेंट और अपराध में प्रयुक्त बाइक भी जब्त कर ली गई है। पुलिस टीम की तत्परता और सफल अनावरण पर एसएसपी नैनीताल ने टीम को ?2500 का नकद इनाम देने की घोषणा की। उन्होंने पुलिस बहुद्देशीय भवन में प्रेस वार्ता कर पूरे मामले का खुलासा करते हुए कहा कि महिलाओं के विरुद्ध किसी भी अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे अपराधियों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। खुलासे के दौरान एस पी सिटी प्रकाश चंद्र,सी ओ नितिन लोहनी,कोतवाल राजेश कुमार यादव, शामिल थे।

## ऑल सेंट्स कॉलेज में दो दिवसीय ट्रेक और बेसिक रॉक क्लाइम्बिंग प्रशिक्षण

**नैनीताल** । ऑल सेंट्स कॉलेज ने श्राउंड स्क्वायर ग्लोबल चैलेंज के अंतर्गत एक रोमांचक पहल करते हुए दो दिवसीय ट्रेक और बेसिक रॉक क्लाइम्बिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस वैश्विक चुनौती के अंतर्गत प्रत्येक सदस्य विद्यालय को साहसिक गतिविधियों के माध्यम से मिलकर पृथ्वी की परिधि के 100 मील की दूरी तय करनी होती है।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बारापत्थर क्षेत्र में हिमालयन माउंटेनियरिंग क्लब द्वारा संचालित किया गया जिसमें कक्षा 10 और कक्षा 12 की छात्राओं की लगभग 40 छात्राओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण का नेतृत्व अनित साह और हरीश बिष्ट ने किया जिन्होंने छात्राओं को पर्वतारोहण की मूलभूत तकनीकों से परिचित कराया तथा पर्वत चढ़ाई करते समय आवश्यक सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी। छात्राओं ने इस साहसिक अनुभव का भरपूर आनंद उठाया और जीवन रक्षक कौशल सीखने की इस अनोखी प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# पलटवारः कांग्रेस की संविधान बचाओ यात्रा नौटंकी, उड़ाई धज्जियांः बलराज पासी

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**




पूर्व सांसद व अध्यक्ष बीज प्रमाणिकरण,उत्तराखंड बलराज पासी ने भाजपा जिला कार्यालय पर कांग्रेस की प्रदेश में होने वाली सविधान बचाओ यात्रा के पलटवार करते हुए कांग्रेस पर साधा निशाना। उन्होंने कांग्रेस की सविधान बचाओ यात्रा को बताया नौटंकी करार दिया।

उन्होंने कहा कि आज पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत, तीव्र गति से विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में एकजुटता से बढ़ रहा है। कांग्रेस नकारात्मक रुख के चलते, कांग्रेस पार्टी और उनकी सहयोगी पार्टियों को अपना राजनैतिक भविष्य शून्य की तरफ खिसकता नजर आ रहा है। पूर्व सांसद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की प्रस्तावित संविधान बचाओ यात्रा भी, देश समाज को बरगलाकर, अराजक माहौल पैदा कर, जनता के आत्मविश्वास को कमजोर करने की इसी साजिश का हिस्सा है।

पासी ने कहा देश के लोकतान्त्रिक इतिहास में सबसे काला अध्याय है यदि कोई है तो वह है आपातकाल, जिसके रचयिता कोई और नहीं कांग्रेस पार्टी है।कांग्रेस संविधान कुचलने का दूसरा सबसे बड़ा उदाहरण है, धारा 356 का दुरुपयोग। पासी ने कहा संविधान से छेड़छाड़ कर उसे कमजोर करने का तो उसका लंबा और दागदार इतिहास रहा है। एक देश में दो संविधान, दो विधान और दो निशान की इसी भावना ने कश्मीर को आतंक की भट्टी में झोंके रखा।

उन्होंने बताया कि 1949 में कांग्रेस सरकार ने धारा 370 लागू कर जम्मू कश्मीर को देश की मुख्य धारा से अलग करने का पाप किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, तरुण दत्ता,मीडिया प्रभारी मयंक कक्कड़, गोपी सागर, बिट्टू चौहान आदि मौजूद रहे।

## फिल्मी दुनिया

# आयकर आयुक्त बनकर फिर दमके देवगन



*बहुत दिन बाद कोई हिंदी फिल्म देखने को मिली जिसमें शुरू से आखिर तक एक बार भी न उबासी आई और न ही उसे देखते समय बोरियत महसूस हुई। नहीं तो आजकल लोग सिनेमाघर में फिल्म से जी उचटते ही मोबाइल पर मैसेज चेक करने लगते हैं। कोई फिल्म दर्शकों को कितना पसंद आ रही है, इन दिनों उसे मापने का पैमाना ये भी है कि अंधेरे सिनेमा हॉल में पिक्चर के बीच कितने मोबाइल चल रहे हैं। फिल्म 'रेड 2' उन्हीं अमेय पटनायक के छापों की एक और कहानी है जिनके कारनामे पिछली बार दर्शकों ने साल 2018 में आई फिल्म 'रेड' मे देखे थे। अजय देवगन की ये एक और सफल फ्रेंचाइजी बनती दिख रही है। 'सिंघम' सीरीज की पिछली फिल्म ने गोता नहीं लगाया होता तो उनका नाम द मोस्ट सक्सेसफुल फ्रेंचाइजी मास्टर के रूप में रिकॉर्ड बुक में दर्ज हो सकता था। उनकी 'दृश्यम 3' की चर्चा जोरों पर है। 'धमाल' सीरीज की अगली फिल्म शुरू हो चुकी है। 'दे दे प्यार दे' और 'सन ऑफ सरदार' की सीक्वल की शूटिंग पूरी हो चुकी है। हिंदी सिनेमा के फ्रेंचाइजी मास्टर अजय देवगन की नई फिल्म 'रेड 2' देखने की खास उम्मीद दर्शकों ने आखिरी वक्त तक नहीं दिखाई और इस फिल्म से कोई उम्मीद न होने का फायदा ही इस फिल्म को मिल रहा है। अजय देवगन की फिल्म 'शैतान' से उनके प्रशंसकों और हॉरर फिल्मों के शौकीनों को काफी उम्मीदें थीं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर सकी। दर्शकों को भी फिल्म पूरी तरह लुभा नहीं सकी। अपनी हाइप पर इस फिल्म के खरा न उतरने का नतीजा ये हुआ कि 'शैतान' के बाद रिलीज हुई अजय देवगन की फिल्में 'मैदान', 'औरों में कहां दम था', 'सिंघम अगेन', 'नाम' और 'आजाद' कतार से फ्लॉप रहीं। आधा दर्जन फ्लॉप फिल्में देने के बाद अजय देवगन ने फिल्म 'रेड 2' से सिक्सर मारा है और इसका पूरा क्रेडिट उनके अभिनय, राज कुमार गुप्ता के निर्देशन, आर पी यादव की स्टंट कोरियोग्राफी और फिल्म की उस पटकथा को जाता है, जिसे रितेश शाह की लिखाई के बाद खुद राज कुमार गुप्ता ने जयदीप यादव और करण व्यास की मदद से बेहतर किया है। फिल्म के संवाद चुटीले हैं। कौरवों और पांडवों का जिक्र आने पर अमेय पटनायक का ये कहना कि मैं तो पूरी महाभारत हूं, इसके संवादों पर की गई मेहनत की बानगी भर है।*

# यूओयू में दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में एशियन विकास बैंक (एडीबी) द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 28 एवं 29 अप्रेल 2025 को किया गया, जिसमें उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के संस्थागत विकास योजना (आईडीपी) के बारे में विस्तार से चर्चा की गई । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत एशियन विकास बैंक की तकनीकी अनुदान सहायता के माध्यम से माडल कैम्पस विकसित किये जाने हेतु उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय का चयन किया गया है। जिसके लिए पूर्व में कई बैठकों का आयोजन तथा एशियन विकास बैंक टीम द्वारा विश्वविद्यालय का भ्रमण किया जा चुका है। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय उत्तराखंड का एकमात्र मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाला विश्वविद्यालय है। दो दिवसीय कार्यशाला में कुलपति प्रो0 ओ पी एस नेगी द्वारा बाहर होने के कारण ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति प्रो0 रेनू प्रकाश ने किया। कार्यशाला में एशियन विकास बैंक के टीम के अध्यक्ष डॉ0 पार्थ बनर्जी, सदस्य डॉ0 स्नेहा भसीन तथा अविजित चौधरी, ड्राफ्टिंग समिति के अध्यक्ष प्रो0 जीतेंद्र पांडे, कुलसचिव डॉ0 के. आर. भट्ट, वित्त नियंत्रक श्री सूर्य प्रताप सिंह, एडीबी के नोडल अधिकारी प्रो0 डिगर सिंह फर्स्वान तथा संस्थागत विकास योजना (आईडीपी) ड्राफ्टिंग समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।



## News कॉर्नर

### अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र आवास विकास में एक कार्यालय में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहम्मद आतिक पुत्र मोहम्मद तारिक निवासी प्रीत विहार ने कहा है कि उसका ऑफिस आवास विकास, एमआईजी 133, में स्थित है। 28 अप्रैल को सांय ऑफिस बन्द कर दिया गया था। 29 अप्रैल की देर रात उसके ऑफिस में चोरी की वारदात घटित हुई। जिसमें लगभग एक लाख चालीस हजार रूपये की चोरी हुई है। ऑफिस खोलने के लिए आया, तो ऑफिस का ताला टूटा हुआ मिला और ऑफिस के अन्दर का समस्त सामान बिखरा हुआ। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वाहन चोर गिरोह का सदस्य दबोचा,चोरी की बाइक बरामद

**रुद्रपुर।** एसएसपी के निर्देशन, एसपी सिटी, सीओ सिटी रुद्रपुर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुद्रपुर के नेतृत्व में पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की बाईक भी बरामद की। विवेचना एएसआई नवीन जोशी कर रहे। पुलिस के मुताबिक लगातार बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर रोकथाम के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। बुधवार रात को पुलिस टीम रामपुर रोड पर वाहनों की चैकिंग कर रही। इसी बीच प्रीत विहार कालोनी मोड़ पर बाईक सवार संदिग्ध को हिरासत में लिया। पूछताछ मेंउसने अपना नाम असित सरकार, पुत्र परिमल सरकार, निवासी ग्राम चंदीपुर थाना दिनेशपुर बताया। चौकी प्रभारी रम्पुरा प्रदीप कुमार कोहली ने बताया कि उसके कब्जे से चोरी की बाईक बरामद की। बरामद बाईक आवास विकास निवासी किसी व्यक्ति कु है। बाईक स्वामी को बुलाया जा रहा है। वाहन चोर को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि वाहन चोर पहले दिनेशपुर थाने से वाहन चोरी में जेल जा चुका है।

# बाल विवाह के खिलाफ देशव्यापी अभियान का शुभारंभ

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता




बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में सामाजिक संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के इंस्टीट्यूट आफ सोशल डेवलपमेंट ने विकास भवन रूद्रपुर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह के खिलाफ धर्मगुरु को शामिल अक्षय तृतीया के देशव्यापी अभियान का शुभारंभ किया। धर्मगुरु ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी ने मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका को याद दिलाते हुए बाल विवाह की सूचना विभाग को साझा करने को निर्देशित किया । जिला प्रोबेशन अधिकारी व्यौमा जैन ने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 ,चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा 112 की सहायता पर प्रकाश डाला। पूर्व प्रधानाचार्य पार्वती देवी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब वह साढ़े 13 वर्ष की थी तभी उनका विवाह कर दिया गया था। महिलाओं की स्थिति को देखते हुए उसे समय उन्होंने ठाना कि न सिर्फ मुझे सशक्त होना है बल्कि मेरी जैसी स्थिति की अन्य बालिकाओं को भी मुझे मार्गदर्शन करना है। पर्दा प्रथा होने के बाद भी उन्होंने अपने ससुराल वालों के सहयोग से एमए बीएड की शिक्षा ग्रहण की। प्रतियोगी परीक्षा में सफल होते हुए लेक्चरर पद पर जनपद पिथौरागढ़ के दुर्गम क्षेत्र में जहां 5 लीटर पानी भी 10 किलोमीटर तक पैदल लेकर चलना होता था। वहा 15 वर्षों तक अपनी सेवाएं देने के उपरांत प्रधानाचार्य के पद पर चयन हुआ और शहर के गरीब बच्चियों की शिक्षा के लिए प्रेरित किया। सीएमओ डॉ केके अग्रवाल ने बताया कि बाल विवाह का शारीरिक मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है एक अपरिपक्क मां कुपोषित बच्चों को जन्म देती है जिससे मां और बच्चा दोनों का जीवन खतरे में पड़ जाता है ऐसी बालिकाओं की गर्भावस्था भी हाई रिस्क में रहती है । आईएसडी के अध्यक्ष डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव ने एक्सेस टू जस्टिस के द्वारा जनपद में बाल विवाह एवं बाल मजदूरी के लिए किए गए पहल एवं भविष्य में साथ में टीम भावना से काम करने के लिए ऊधम सिंह नगर को बाल विवाह मुक्त करने के लिए सभी से आवाहन किया । बाल विवाह में दंड के प्रावधानों की जानकारी दी । आईएसडी की परियोजना निदेशक बिंदु वासिनी ने बताया कि विकसित भारत स्वप्न तभी संभव है जब भारत बाल विवाह मुक्त हो अभी भी राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण पांच के आंकड़ों के अनुसार 23.3 प्रतिशत बाल विवाह हो रहे हैं। किसी भी धर्म में वैवाहिक कार्यक्रम बिना धर्म गुरुओं के संपादित नहीं होता है।

यदि धर्मगुरु बाल विवाह की भायावयता को समझें और ऐसे वैवाहिक कार्यक्रमों का बहिष्कार करें । कार्यशाला में आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकतिया चाइल्डलाइन बाल कल्याण समिति आशा कार्यक्रम के पदाधिकारी पदाधिकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी आशा नेगी सुपरवाइजर रीता, आईएसडी के कार्यकर्ता प्रेम रईस रविंद्र आरती , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बबली सरकार, रुचिता मलिक आदि ने प्रतिभाग किया ।

# नैनीताल में घर-घर जाकर चलाया राशन कार्ड का सत्यापन अभियान

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देशों के अनुपालन में खाद्य विभाग द्वारा नैनीताल के मल्लीताल स्थित रुकुट कम्पाउंड और सात नंबर में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में घर घर जाकर राशन कार्ड का सत्यापन अभियान चलाया गया।

खाद्य विभाग की टीम द्वारा रूकुट कम्पाउन्ड में घर घर जाकर 61 राशन कार्ड की जांच की गई जिसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्राथमिक परिवार के 36 राशन कार्ड में से 8 राशन कार्ड अपात्र पाए गए इसके अतिरिक्त 25 राशन कार्ड राज्य खाद्य योजना के अन्तर्गत पाए गए, इसी प्रकार टीम द्वारा नैनीताल के सात नंबर में भी राशन कार्ड का सत्यापन अभियान चलाया गया यहां क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सरिता आर्या के नेतृत्व में घर घर जाकर राशन कार्ड की जांच की गई,इस दौरान 55 राशन कार्ड की जांच करने पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत प्राथमिक परिवार के 10 राशन कार्ड अपात्र पाए गए।

दूसरी ओर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्राथमिक परिवार हेतु परिवार की मासिक आय 15000 रुपया अर्थात 1 लाख 80 हजार रुपए तक वार्षिक आय होती है। बिष्ट द्वारा जनता से अपील की गई कि जो परिवार आज की तिथि में पात्रता की श्रेणी से बाहर हो गए हैं विभाग में आकर ऐसे राशन कार्ड को समर्पित कर दें ताकि उनके स्थान पर पात्र को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ प्रदान किया जा सके। कहा कि राशन कार्ड की जांच के दौरान अपात्र पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# अनियमितता पाए जाने पर मेडिकल स्टोर स्वामियों को नोटिस दिए

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और औषधि नियंत्रण विभाग ने कई मेडिकल स्टोरों पर छापे मारे। अनियमितता पाए जाने पर विभाग ने दो मेडिकल स्टोर स्वामियों को सुधार के लिए नोटिस दिए हैं।

बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव बीनू गुलियानी के नेतृत्व में औषधि नियंत्रण विभाग ने नैनीताल में कई मेडिकल स्टोरों पर छापे मारे। इस दौरान औषधि के क्रय विक्रय अभिलेखों का सत्यापन तथा क्रय विक्रय का ब्योरा व दवा का रखरखाव तथा बिल व सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। मल्लीताल में दो मेडिकल स्टोरों सांई संजीवनी और हिमानी मेडिकल स्टोर पर अनियमितता पाए जाने पर सुधार के निर्देश दिए गए। वरिष्ठ औषधि निरीक्षक मीनाक्षी बिष्ट ने बताया कि कुल आठ मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। इसमें दो में अनियमितता पर मेडिकल स्टोर संचालक को निराकरण के लिए नोटिस जारी किए हैं यदि निराकरण नहीं किया तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



# रोडवेज की भूमि पर किए गए अतिक्रमण पर चली जेसीबी

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

रोडवेज डिपो की कार्यशाला के पीछे कुछ लोगों ने रोडवेज की भूमि पर किये गये अतिक्रमण पर प्रशासनिक, पुलिस व परिवहन निगम के अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से ढ़हा दिया। टीम दो भवनों के विरूद्ध कार्रवाई की।

हालांकि इस दौरान भवन स्वामी महिलाओं ने कार्रवाई का विरोध भी किया। भारी पुलिस बल व अधिकारियों की मौजूदगी के चलते उनकी कोई सुनवाई नहीं हो सकी। नायब तहसीलदार के साथ ही परिवहन निगम की आरएम पूजा जोशी,एसएम टीका राम, एआरएम फाईनेंस राजकुमार, एआरएम हल्द्वानी संजय पाण्डे, काठगोदाम के राजेन्द्र आर्य, स्टेशन इंचार्ज ब्रह्मानन्द आदि अधिकारी भारी पुलिस फोर्स के साथ रोडवेज कार्यशाला के पीछे पहुंचे। यहां पर रोड़वेज की भूमि पर अवैध रूप से किए कब्जे को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। हाई कोर्ट का हवाला देते हुए दो भवन स्वामियों को तत्काल भवन खाली करने को कहा। उनके परिजनों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि पहले भवन खाली करने का आदेश दिखाओ। लेकिन टीम ने हाई कोर्ट के आदेश की बात कहकर अपना पक्ष रखा। जिससें दोनों ने दोनों भवनों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। अतिक्रमण हटाने की सारी कार्रवाई की ड्रोन कैमरे से भी रिकार्ड की गई। डिपों के एआरएम केएस राणा ने बताया कि पूर्व में भी करीब सात अवैध भवनों को ध्वस्त किया जा चुका है। रोडवेज की समस्त भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जायेगा। ताकि प्रस्तावित आईएसबीटी टर्मिनल के निर्माण में आ रही रूकावटों को समाप्त किया जा सके। कार्रवाई के दौरान एसएसआई ललित मोहन रावल,एसएसआई नवीन बुधानी, बाजार पुलिस चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार खत्री, रम्पुरा पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार कोहली,एसआई देवेन्द्र मेहता, एसआई नवीन जोशी,नरेश जोशी समेत पीएसी मौजूद रहीं।



### मेडिकल स्टोरों में प्राथमिक उपचार की सुविधा जरूरी

**नैनीताल ।** नगर की समाजसेवी संध्या शर्मा ने पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पालिका के स्तर से नगर के विभिन्न मेडिकल स्टोरों में प्राथमिक उपचार की सुविधा मुहैया की जानी जरुरी है। शर्मा ने कहा कि कोई भी छोटी बड़ी दुर्घटना होने पर सीधे जिला अस्पताल में जाना पड़ता है,कहा कि शहर में अगर कुछ मेडिकल स्टोरों में पालिका की ओर से प्राथमिक उपचार मिल सके तो उसके लोगों को काफी फायदा होगा।

# दबंगों ने युवक को धारदार हथियारों से हमला किया, गंभीर

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

**घटना**

- **पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया, शराब व सट्टा का अवैध कारोबार करने से मना करने का मामला**

शराब व सट्टा का अवैध कारोबार करने से मना करने पर कुछ दबंगों ने एक युवक पर लाठी डडों व धारदार हथियारों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बबीता सागर पत्नी स्व- राजेश सागर निवासी शिव नगर, ट्राजिट कैंप ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 28 अप्रैल की उसके पुत्र अनुराग सागर को किसी का फोन आया तो वह उससे बोला थोडी देर में आता हूं कहकर चला गया। आरोप है कि रास्ते में शमशान घाट पर अशोक, कौशल, अरूण आदि ने रोककर पुत्र को शराब बेचने, सट्टे का काम करने के लिए कहा। पुत्र ने शराब बेचने व सट्टे के काम को मना कर दिया तो उक्त सभी लोगों ने पुत्र अनुराग पर लाठी डंडे चाकू से हमला किया। बाद में उसे मरा हुआ समझकर छोडकर भाग गए। जानकारी मिलने पर पुत्र अनुराग के पास पहुंची तो देखा पुत्र खून में लथपथ बेहोश पड़ा हुआ। पुत्र को जिला अस्पताल लेकर गई। वहां डाक्टर ने हालत को गम्भीर दे९ते हुए सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बनभूलपुरा समेत कई क्षेत्रों में सघन सत्यापन अभियान

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर हल्द्वानी के बनभूलपुरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन को लेकर प्रशासन और पुलिस ने सघन सत्यापन अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई, सीओ नितिन लोहनी तथा बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी ने किया।

प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, बनभूलपुरा क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग अन्य राज्यों और स्थानों से आकर निवास कर रहे हैं। इनमें से कई लोग विभिन्न कार्यों में संलग्न हैं, जबकि कुछ की गतिविधियां पूर्व में संदेहास्पद पाई गई हैं। इसी के मद्देनज़र क्षेत्र में पुलिस द्वारा सत्यापन अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान कई व्यक्तियों का सत्यापन नहीं पाया गया, जिसके चलते पुलिस ने उनके विरुद्ध चालान की कार्रवाई की। वहीं चेकिंग के दौरान यह भी सामने आया कि कई नाबालिग टेंपो का संचालन कर रहे थे। पुलिस ने नाबालिग चालकों के टेंपो को जप्त कर लिया है और उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि हल्द्वानी में बाहर से आने वाले लोगों की गतिविधियों पर निगरानी रखना अत्यंत आवश्यक है।

इसी के तहत यह अभियान चलाया गया है ताकि किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधियों को समय रहते रोका जा सके। प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने आस-पास रह रहे बाहरी लोगों का सत्यापन स्थानीय थाने में अवश्य कराएं, ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके।